<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

प्रौद्योगिकी महाविद्यालय के 06 विद्यार्थियों का कम्पनी में चयन

विश्वविद्यालय के प्रौद्योगिकी महाविद्यालय के अंतिम वर्ष में अध्यनरत विद्यार्थियों में 06 विद्यार्थियों का चयन मै. ग्लोबल लोजिक–हिताची कम्पनी में हुआ। मै. ग्लोबल लोजिक–हितैची द्वारा इस वर्ष प्रौद्योगिकी महाविद्यालय के कम्प्यूटर इंजीनियरिंग, आई.टी, इलैक्ट्रीकल एवं इलैक्टोनिक्स इंजीनियरिंग के विद्यार्थियों के लिए सेवायोजन हेतु साक्षात्कार आनलाइन किया गया। साक्षात्कार के उपरांत सूरज गुप्ता (Suraj Gupta), अंकित पंत (Ankit Pant), मारूत तिवारी (Marut Tewari), सेहजल सराफ (Sehjel Saraf), सौरभ केंतुरा (Sourabh Kaintura), एवं सिमरन सेमवाल (Simran Semwal) का चयन रू. 5.50 लाख प्रतिवर्ष पर किया गया। इस अवसर पर अधिष्ठात्री, प्रौद्य ोगिकी महाविद्यालय, डा. अलकनन्दा अशोक; प्रशिक्षण एवं सेवायोजन प्रकोष्ठ के पूर्व प्राध्यापक, डा. अखिलेश कुमार; तथा वर्तमान प्राध्यापक, डा. डी.एस. मूर्ति, ने चयनित विद्यार्थियों को बधाईयां दीं। विश्वविद्यालय के कुलपति डा. तेज प्रताप ने भी चयनित विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए शुभकामनाएं दीं।